# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

**कक्षा:पाँचवीं** | **विषय: हिंदी** | **पाठ:४ आई फिर बहार**

**प्रस्तुत पाठ में से किन्ही १० कठिन शब्दों को अपनी कार्य पुस्तिका में लिखिए।**

**लिखित प्रश्नोत्तर**

**उ०१-रखमा की माँ ने मिट्टी बदलने की बात इसलिए कही क्योंकि अगर मिट्टी में कोई दोष होता तो मिट्टी बदलने से ठीक हो जाता।**

**उ०२-रखमा और उसकी माँ अपनी बगिया में खिले फूलों से हार, वेणी और गजरे बनाकर बेचती थीं।**

**उ०३-मिट्टी खराब होने की बात सुनकर स्कूल के बच्चों को इस बात का डर हुआ कि उनके गाँव में उगी सब्ज़ियाँ और फल दूसरे शहरों में भी जाते हैं , मिट्टी खराब हो गई तो लोग भूखे मरेंगे।**

**उ०४-स्कूल के बच्चों द्वारा चिट्ठी लिखे जाने का यह परिणाम हुआ कि कलेक्टर साहब स्कूल आए और सारी समस्या सुनी, कारखाना मालिक को कचरा साफ करने की मशीन लगाने का आदेश दिया तथा बगिया की मिट्टी भी बदलवाई।**

**रिक्त स्थान**

**१-गणेश पूजा और <u>नवरात्रों</u> में ही तो हमारे फूल और हार बिकते हैं।**

**२-चंपा, गुलाब, <u>गुलदाऊदी</u> सब मुरझा रहे हैं।**

**३-मिट्टी में <u>टॉक्सिक</u> या एसिड जैसे तत्व मिले हुए हैं।**

**४-हमारा गाँव तो सब्ज़ियों और फलों के लिए <u>प्रसिद्ध</u> है।**

**५-चिट्ठी पर सबने अपने <u>हस्ताक्षर</u> किए और डॉक्टर बाबू के पास पहुँचे।**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

**१-बहार**

**२-हताश**

**३-अन्यथा**

**४-संदेह**